[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

;विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संब(द्ध

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर–842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्राक–04/5126 2081 दिनांक–12.11.2024

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

नवरात्रि, दीपावली एवं सूर्यषष्ठी महापर्व के उपरान्त आप सभी कुशल होगें ऐसा दृढ़ विश्वास है।

**या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

जो देवी सभी प्राणियों में शक्ति के रूप में विद्यमान है, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

माता से प्राप्त आशीर्वाद एवं सूर्य से प्राप्त उर्जा के आधार पर पुनः महती भूमिका की ओर हमें अग्रसर होना है, इस हेतु आगामी कार्य योजनाओं पर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए इसके क्रियान्वयन हेतु कुछ सूचनाएँ आपको संप्रेषित है।

## विषयानुक्रम : –

**संपन्न कार्यक्रम**

1. अर्द्धवार्षिक परीक्षा
2. प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह
3. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला
4. राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता
5. क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह
6. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव
7. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव
8. अखिल भारतीय महामंत्री जी का प्रवास

**आगामी कार्यक्रम**

1. आचार्य सम्मेलन
2. प्रांतीय (शिशु वर्ग) समूह खेलकूद एवं एथलेटिक्स
3. सुब्रह्मण्यम भारती जयंती
4. श्रीनिवास रामानुजन जयंती
5. बाल वीर बलिदानी सप्ताह
6. मालवीय एवं वाजपेयी जयंती
7. अरुणोदय सामान्य ज्ञान मुख्य परीक्षा
8. कक्षा एकादश की परीक्षा

**अन्यान्य**

1. मासिक तलपट
2. बकाया राशि
3. संस्कृति बोध परियोजना
4. समिति गठन
5. महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती
6. पूर्व छात्र परिषद्
7. नवीन प्रधानाचार्य हेतु संभावित सूची
8. आचार्य आवश्यकता
9. पत्रिका विमोचन

## संपन्न कार्यक्रम

1. **अर्द्धवार्षिक परीक्षा :** अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2024–25 का 09–22 सितम्बर–2024 तक सभी विद्यालयों में सम्पन्न हुई। परीक्षा व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने हेतु आपका सुझाव अपेक्षित है।

2 **प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह :** यह कार्यक्रम 27–30 सितम्बर–24 तक सरस्वती विद्या मंदिर, सदातपुर, मुजफ्फफरपुर में आयोजित था। इस कार्यक्रम में कुल भैया/बहन–348, संरक्षक आचार्य/दीदी जी–45, पूर्णकालिक–08, प्रांतीय अधिकारी–01, प्रांतीय समिति सदस्य–06, महाविद्यालय के आचार्य कर्मचारी–68, निर्णायक–38 तथा **डॉ० राजभूषण चौधरी,** स्थानीय सांसद, जल शक्ति राज्यमंत्री, भारत सरकार, डॉ. मिथिलेश कुमार झा, प्राचार्य, इंजिनियरिंग कॉलेज, मुजफ्फरपुर, डॉ. सुबोध कुमार , प्रदेश मंत्री, लोक शिक्षा समिति, बिहार, डॉ मोनालिसा, उप मेयर, मुजफ्फरपुर एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्री अजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

3. **प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला :** यह कार्यक्रम गोदावरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, नरकटियागंज, पश्चिमी चम्पारण में 02–04 अक्टूबर–2024 तक आयोजित था। इस कार्यक्रम में कुल भैया/बहनों की संख्या–720, संरक्षक आचार्य/दीदी जी की संख्या–74, निर्णायक की संख्या–21, पूर्णकालिक की संख्या–06, प्रांतीय अधिकारी की संख्या–01, क्षेत्रीय अधिकरी की संख्या–01, स्थानीय निर्णायक की संख्या–20, स्थानीय आचार्य/कर्मचारी एवं समिति सदस्यों की संख्या 78 सहित कुल संख्या 910 रही। इस कार्यक्रम में माननीय संगठन मंत्री श्री ख्यालीराम जी एवं श्री सतीश चन्द्र दूबे, कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्रीमती रीना देवी, सभापति, नगर परिषद, नरकटियागंज, श्रीमती पूनम देवी, उप–सभापति, नगरपरिषद, नरकटियागंज, श्री हरिलाल, प्राचार्य, नवोदय विद्यालय, श्री सूर्यप्रकाश कुमार, अनुमंडल पदाअधिकारी, श्री विजय कुमार गुप्ता, इंजिनियरिंग कॉलेज, श्री आकाश वर्मा, संत जेवियर्स स्कूल, सोनू कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य, राजहंस पब्लिक स्कूल, रौशन कुमार, कारमेल पब्लिक स्कूल, श्री शक्तिनाथ मिश्र, सेवा निवृत्त शिक्षक, नर्मदेश्वर ओझा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

4. **राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता :** यह कार्यक्रम महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता सीवान में 01–05 अक्टूबर–2024 तक आयोजित था। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण देश के 9 क्षेत्रों एवं 26 प्रांतों से कुल भैया/बहनों की संख्या–411, निर्णायक–12, पूर्णकालिक एवं अधिकारी–03, कुल उपस्थिति 649 थी। इस कार्यक्रम में श्री ख्यालीराम जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय, स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार, डॉ. सुबोध कुमार प्रदेश मंत्री, लोक शिक्षा समिति, बिहार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

5. **क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह :** यह कार्यक्रम गणपत राय सलारपुरिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, भागलपुर में 16–18 अक्टूबर–2024 तक आयोजित था जिसमें उत्तर बिहार प्रांत के 19 विद्यालयों से कुल भैया/बहन–92, संरक्षक आचार्य– 30, एवं निर्णायक–10 की सहभागिता रही। विजेता भैया/बहन ने अखिल भारतीय खेलकूद समारोह, सतना में 23–27 अक्टूबर–24 तक भाग लिया।

6. **प्रांतीय संस्कृति महोत्सव :** यह महोत्सव माँ सीता की प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रिंग बाँध, सीतामढ़ी में 20–21 अक्टूबर–2024 को आयोजित था जिसमें भैया/बहनों की कुल सहभागिता–463, निर्णायक–03, संरक्षक आचार्य/दीदी जी–69, पूर्णकालिक–06 तथा प्रांतीय अधिकारी–01 की उपस्थित रही। बगही धाम के महंत डॉ. सुखदेव जी महाराज, प्रदेश मंत्री डॉ, सुबोध कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

7. **क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव :** यह महोत्सव भी माँ सीता की प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रिंग बाँध, सीतामढ़ी में 22–23 अक्टूबर–2024 को आयोजित था

जिसमें तीनों प्रांतों से कुल 146 भैया/बहन, निर्णायक–06, संरक्षक आचार्य/दीदी जी–41 की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री, श्री ख्यालीराम जी, क्षेत्रीय मंत्री श्री राम अवतार नारसरिया एवं क्षेत्रीय सचिव श्री नकुल कुमार शर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

8. **अखिल भारतीय महामंत्री एवं मंत्री जी का प्रवास :** विद्या भारती समय–समय पर सम्पूर्ण भारत में कर्यकर्त्ताओं में ऊर्जा संचार करने के लिए अपने वरीय अधिकारियों का प्रवास सुनिश्चित करती है। इसी क्रम में लगातार दूसरे वर्ष श्री अवनीश भटनागर, महामंत्री विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं श्रीमती डॉ० मधुश्री संजीव सावजी, अखिल भारतीय मंत्री का प्रवास जिला सशक्तिकरण की दृष्टि से पूर्णिया जिला में सम्पन्न हुआ एवं प्रवास के क्रम में मुख्य रूप से शैक्षिक उन्नयन, शिशु वाटिका की बारह व्यवस्थाओं का अवलोकन, विषय प्रमुख बैठक, मातृ सम्मेलन, पूर्व छात्र बैठक, संस्कार केन्द्र अवलोकन, प्रचार–विभाग बैठक, पूर्णकालिक बैठक, विद्वत परिषद बैठक इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## *आगामी कार्यक्रम*

1. **आचार्य सम्मेलन :** उत्तर बिहार में चल रहे सभी विद्यालयों में आचार्य विकास हेतु आचार्य सम्मेलन का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष आचार्य विकास के निमित्त अनेक आयामों पर चर्चा, वार्ता, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। सम्मेलन में आचार्य विकास से जुड़े बहुत सारी प्रतियोगिताएँ होंगीं यथा–व्यक्तिगत प्रतियोगितायें– सूर्यनमस्कार, चित्रकला, सुलेख, आशुभाषण, व्यायाम योग, NEP 2020 पर आधरित शिक्षण कौशल आदि।

सामूहिक प्रतियोगिता– समता, गीत, प्रश्नमंच (कार्ययोजना, वंदना, आचार्य नियमावली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति) से प्रश्न पूछे जायेंगे एवं वेश प्रतियोगिता।

आचार्य वेश–निर्धारित आचार्य वेश, शारीरिक हेतु (पुरुष)–काला लोअर, केसरिया टी० शर्ट, सफेद जूता–मोजा, (महिला हेतु) सफेद सलवार, समीज, केसरिया दुपट्टा, सफेद जूता–मोजा

यह सम्मेलन विभागशः संपन्न होगा–व्यवस्था शुल्क–750/– (सात सौ पचास) रुपये है।

1. पूर्णिया– 22–24 नवम्बर–2024 तक, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, थाना चौक, पूर्णिया।
2. कोशी– 01–03 दिसम्बर–2024 तक, सरस्वती विद्या मंदिर, बिहारीगंज, मधेपुरा।
3. बेगूसराय–29 नवंबर से 01 दिसम्बर–2024 तक, सरस्वती शिशु मंदिर, रोसड़ा, समस्तीपुर।
4. दरभंगा+सीतामढ़ी– 24–26 नवम्बर–2024 तक, सरस्वती विद्या मंदिर, रिंग बाँध, सीतामढ़ी।
5. मुजफ्फरपुर– 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर–2024 तक, शिवालय सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर बघनगरी, मुजफ्फरपुर।
6. सिवान– 04–06 दिसम्बर–2024 तक, सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, दर्शननगर, छपरा।
7. चम्पारण– 06–08 दिसम्बर–2024 तक, सरस्वती विद्या मंदिर, बरवतसेना, बेतिया।

- सम्मेलन हेतु प्रथम दिवस भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस दोपहर भोजन के पश्चात् प्रस्थान संभव होगा।
- इस सम्मेलन में सभी प्रधानाचार्यो एवं आचार्यो की सहभागिता अनिवार्य है।
- इस अवधि में प्रदेश कार्यालय से लिखित अनुमति के उपरांत ही कोई भी अवकाश देय होगा।

2. **प्रांतीय (शिशु वर्ग) समूह खेलकूद एवं एथलेटिक्स :** प्रांतीय समूह खेलकूद (कबड्डी एवं खो–खो) एवं एथलेटिक्स शिशु वर्ग की यह प्रतियोगिता 18–20 जनवरी–2025 तक सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण में आयोजित होंगीं। शुल्क–750+100=850/– ( आठ सौ पचास) रुपये है। सम्पर्क सूत्र– श्री अनिल कुमार राम, जिला निरीक्षक, मो०–9006486810, 6204945365 एवं श्री रामजी प्रसाद, प्रधानाचार्य, मो०–9572418635 पर संपर्क किया जा सकता है।

3. **सुब्रह्मण्यम भारती जयंती :** विद्या भारती ने सुब्रह्मण्यम भारती जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर–2024 को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। अपनी मातृभाषा के साथ–साथ अन्य कोई एक भाषा को सीखने, लिखने एवं बोलने के लिए भैया/बहनों को प्रेरित करना है। सरस्वती यात्रा के माध्यम से एक राज्य से दूसरे राज्य में देशाटन हेतु भेजना तथा वहाँ की भाषा को सीखकर बोलचाल में शामिल करना मूल उद्देश्य है।

4. **श्रीनिवास रामानुजन जयंती :** हम सब जानते है कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाते आ रहे है, उक्त जयंती के अवसर पर अपने क्षेत्र के विद्वान् गणितज्ञ को बुलाना एवं उनका सम्मान करना, गणित को सरल करने की विधि का प्रकटीकरण करना एवं मैट्रीक अथवा इंटर कक्षा में गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त करने वाले भैया/बहनों को इस अवसर पर पुरस्कृत करना साथ ही गणित पर वाद–विवाद, चर्चा, नाटक, गीत, चित्रकला का भी आयोजन करना श्रेयस्कर होगा।

5. **बाल वीर बलिदानी सप्ताह :** यह 22 से 29 दिसम्बर–2024 तक बाल वीर बलिदानी सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा जिस प्रकार गुरु गोविन्द सिंह ने इस राष्ट्र एवं धर्म रक्षा के लिए अपने चारों पुत्रों को न्योवछावर कर दिया तथा हिन्दुत्व की रक्षा की, उनकी याद में भैया/बहनों के बीच उनकी शौर्य गाथा को बताना । भैया/बहनों को अपनी संस्कृति एवं बाल बलिदानी वीर पुत्रों के बारे में बताना जिससे हमारे भैया/बहनों के बीच देश और धर्म के प्रति लगाव बढ़े इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करना श्रेयस्कर रहेगा।

6. **महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी जयंती :** राष्ट्र एवं धर्म एक दूसरे का पूरक है दोनों आवश्यक है, धर्म के प्रति पं० मदन मोहन मालवीय का योगदान भुलाया नही जा सकता है। उसी प्रकार राष्ट्र के प्रखर व्यक्तित्व व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन 25 दिसम्बर को विद्यालयों में धूमधाम से मनाया जाना चाहिए।

7. **अरुणोदय सामान्य ज्ञान मुख्य परीक्षा :** लोक शिक्षा समिति द्वारा संचालित विद्यालयों में भैया/बहनों के ज्ञानात्मक विकास हेतु विद्यालय स्तर पर अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रारंभिक परीक्षा 05 सितम्बर को आयोजित थी, प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण भैया/बहन ही मुख्य परीक्षा में सहभागी होंगें। यह अरुणोदय सामान्य ज्ञान मुख्य परीक्षा 23 जनवरी–2025, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर सभी विभाग केन्द्रों पर होना सुनिश्चित हुआ है।

8. **कक्षा एकादश की परीक्षा :** कक्षा एकादश की परीक्षा 12–24 दिसम्बर–2024 तक आयोजित होगी। विस्तृत कार्यक्रम भेजा जा रहा है।

### अन्यान्य

1. **मासिक तलपट :** सभी विद्यालयों से आग्रह है कि प्रत्येक माह के अंत में या मासांत बैठक में मासिक तलपट एवं आय व्यय फलक 1, 2, 3 भरकर नियमित रुप से प्रांत को भेजें।

2. **बकाया राशि :** विद्या भारती का कार्य आप जैसे समर्पित कार्यकर्त्ताओं के योगदान से सुगम हो पाया है। आपके विद्यालय में प्रान्त से जुड़ा हुआ किसी भी प्रकार का बकाया हो तो 30 नवम्बर–2024 तक अवश्य भेजें।

3. **संस्कृति बोध परियोजना :** इस बार संस्कृति बोध परियोजना की दृष्टि से अधिकांश विद्यालयों ने पूर्ण प्रयास किया है। अधिकतम सम्मिलिति कराने वाले विद्यालयों एवं उसके प्रधानाचार्य को लोक शिक्षा समिति द्वारा प्रधानाचार्य सम्मेलन में पुरस्कृत भी किया जाता है, इस हेतु आप 31 दिसम्बर तक संस्कृति बोध परियोजना पुस्तक मंगाने की भेजी गई सूची एवं रसीद की छायाप्रति प्रान्त कार्यालय को भेजे।

4. **समिति गठन :** विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति का कार्यकाल 2 वर्षों का होता है, जहाँ–जहाँ समिति का कार्यकाल पूर्ण हो गया है वहाँ पुनः समिति गठन की प्रक्रिया अपने निरीक्षक के माध्यम से पूर्ण कर प्रान्त को भेजे ताकि विद्यालय का कार्य सुगमतापूर्वक गतिमान रह सकें।
5. **महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती :** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती वर्ष नारी सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो 31 मई–2024 से 30 मई–2025 तक चलेगा। इस अवसर पर करणीय कार्य – मातृ गोष्ठी, मातृ सम्मेलन, मातृभारती गठन एवं मातृ प्रधान कार्यक्रमों का आयोजन कर नारी शक्ति जागरण का प्रयास किया जाए।
6. **पूर्व छात्र परिषद् :** पूर्व छात्र परिषद् का पोर्टल खुल गया है, इसे आप फेसबुक पर भी सर्च कर पुनः अपना पंजीयन करावें, जिनका पंजीयन हो गया है वो भी फिर से अपना पंजीयन करावें।
7. **नवीन प्रधानाचार्य (संभावित) :** अपने कार्य का आधार प्रधानाचार्य होते है, प्रधानाचार्य के रूप में हमें अपने कार्यकर्त्ताओं को भी विकसित करना होता है, जिससे वे भविष्य के प्रधानाचार्य के रूप में इस कार्य को संभाल सके। ऐसे आचार्यों की सूची बनाकर सचिव एवं प्रधानाचार्य की अनुशंसा के साथ प्रांतीय कार्यालय को प्रेषित करें।
8. **आचार्य आवश्यकता :** विद्यालय के विकास में आचार्य की महती भूमिका होती है। नये सत्र में एवं विद्यालय के अनुसार विषयशः आचार्य आवश्यकता की सूची 30 नवम्बर तक प्रांत कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।
9. **पत्रिका विमोचन :** 25 दिसम्बर को पंडित मदनमोहन मालवीय एवं अटलबिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर अपने प्रांतीय कार्यालय में अरुणोदय पत्रिका का विमोचन होना सुनिश्चित हुआ है। प्रांत में विमोचन के बाद जिलाशः अरुणोदय पत्रिका का विमोचन होना है इसकी तैयारी अभी से किया जा सकता है, पत्रिका प्राप्ति के साथ समय और तिथि सुनिश्चित कर इसका विमोचन करें।

⊗ **स्थगित कार्यक्रम :** 22–29 दिसम्बर 2024 को आयोजित कौशल विकास एवं सेवा कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण वर्ग अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित रहेगा।

इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–

***इति शुभम् !***

***भवदीय***

***(रामलाल सिंह)***
***प्रदेश सचिव***